प्रस्ताव

# 67 एक बार प्रयोग होने वाले प्लास्टिक बैग पर प्रतिबंध। जनमत संग्रह।

67

## आधिकारिक शीर्षक और सारांश

अटार्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया

एक "हाँ" का मत इस संविधि को अनुमोदित करता है एवं एक "ना" का मत इस संविधि को अस्वीकृत करता है जो:

- किराना व अन्य दुकानों के लिए किसी बिक्री बिंदु पर ग्राहकों को एक बार प्रयोग होने वाले प्लास्टिक या कागज के कैरीआउट बैग प्रदान करना निषिद्ध करता है।
- ग्राहकों को 10 सेंट प्रति बैग की न्यूनतम कीमत पर पुनर्चक्रित कागज के बैग एवं पुनः प्रयोग हो सकने वाले बैगों की बिक्री की अनुमति देता है।

**विधायी विश्लेषक के निवल राज्य एवं स्थानीय सरकार वित्तीय प्रभाव के आकलन का सारांश:**

- राज्य एवं स्थानीय सरकारों पर अपेक्षाकृत रूप से छोटे वित्तीय प्रभाव। राज्य प्रशासनिक लागत में एक मिलियन डॉलर प्रतिवर्ष से कम की मामूली वृद्धि, शुल्क द्वारा निष्प्रभावित। कचरा व अपशिष्ट प्रबंधन लागत में कमी के कारण स्थानीय सरकारों के लिए संभावित, अल्प बचत।

## विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

### पृष्ठभूमि

***कैरीआउट बैग का इस्तेमाल।*** स्टोर विशेष रूप से अपने ग्राहकों को उनके द्वारा खरीदी गई वस्तुएं ले जाने के लिए बैग देते हैं। आमतौर पर दिया जाने वाला एक प्रकार का बैग "एक-बार इस्तेमाल किया जाने वाला प्लास्टिक का कैरीआउट बैग" होता है, जो चैकआउट पर इस्तेमाल किया जाने वाला पतले प्लास्टिक का बैग होता है जो बार-बार इस्तेमाल के लिए नहीं होता है। इसके विपरीत, "पुन:प्रयोग वाले प्लास्टिक बैग" मोटे और मजबूत होते हैं ताकि उन्हें कई बार इस्तेमाल किया जा सके। कई स्टोर एक-बार इस्तेमाल किए जाने वाले कागज़ के बैग भी देते हैं। स्टोर ग्राहकों को अक्सर एक-बार इस्तेमाल किए जाने वाले कागज़ और प्लास्टिक के कैरीआउट बैग मुफ्त देते हैं, तथा कुछ स्टोर कीमत पर पुन:उपयोग वाले बैगों की पेशकश करते हैं। प्रत्येक वर्ष, California में ग्राहकों को मोटे तौर पर 15 बिलियन एक-बार इस्तेमाल किए जाने वाले प्लास्टिक के कैरीआउट बैग दिए जाते हैं (लगभग 400 बैग प्रति California निवासी का औसत)।

***कई स्थानीय सरकारें एक-बार इस्तेमाल किए जाने वाले कैरीआउट बैगों पर प्रतिबंध लगाती हैं।*** California के कई नगरों और काउंटियों ने हाल ही के वर्षों में एक-बार इस्तेमाल किए जाने वाले कैरीआउट बैगों पर रोक या प्रतिबंध लगाने वाले स्थानीय कानूनों को अपनाया है। ये स्थानीय कानून पर्यावरण पर ऐसे बैगों के इस्तेमाल के संभावित प्रभाव संबंधी चिंताओं के कारण लागू किए गए हैं। उदाहरण के लिए, प्लास्टिक के बैगों से कूड़ा-करकट फैलता है और जलमार्गों में फँस सकते हैं। इसके अलावा, प्लास्टिक के बैगों का दोबारा इस्तेमाल करना कठिन हो सकता है क्योंकि वे पुन:चक्रण (रिसाइक्लिंग) मशीनों में उलझ सकते हैं। इनमें से अधिकांश कानून किराने की दुकानों, सुविधा स्टोरों, दवा की दुकानों, तथा शराब की दुकानों में एक-बार इस्तेमाल किए जाने वाले कैरीआउट बैगों पर प्रतिबंध लगाते हैं। उनकी स्टोरों से आमतौर पर यह अपेक्षा भी होती है कि वे किसी कैरीआउट बैग की बिक्री के लिए कम-से-कम 10 सेंट लें। स्टोरों को अनुमति है कि वे इससे प्राप्त पैसा अपने पास रखें। जून 2016 की स्थिति के अनुसार, लगभग 150 नगरों और काउंटियों में स्थानीय कैरीआउट बैग कानून थे—जिनके अंतर्गत California की लगभग 40 प्रतिशत जनसंख्या आती थी—जो अधिकतर तटीय काउंटियों के भीतरी क्षेत्रों में रहती थी।

***राज्य-व्यापी कैरीआउट बैग कानून का सफर।*** 2014 में, राज्य-व्यापी कैरीआउट बैग कानून, सीनेट बिल (SB) 270 विधानमंडल द्वारा पारित किया गया तथा राज्यपाल द्वारा इस पर हस्ताक्षर किए गए। जैसा कि नीचे अधिक विस्तार से स्पष्ट किया गया है, इस कानून के अंतर्गत कुछ खास स्टोरों को एक-बार इस्तेमाल किए जाने वाले प्लास्टिक के कैरीआउट बैग देने की मनाही है। इसकी यह भी अपेक्षा है कि ये स्टोर चैकआउट पर दिए गए किसी अन्य कैरीआउट बैग के लिए ग्राहकों से पैसा लें।

### प्रस्ताव

राज्य संविधान के अंतर्गत, नए राज्य कानून को मतदाताओं के समक्ष जनमत-संग्रह के रूप में यह निर्धारित करने के लिए रखा जा सकता है कि क्या कानून को लागू किया जा सकता है। यह प्रस्ताव SB 270 पर दिया गया जनमत-संग्रह है। नीचे, हम स्पष्ट करेंगे कि इस विधेयक के लिए "हाँ" और "नहीं" का क्या अर्थ है, इसके प्रमुख प्रावधान क्या हैं, तथा यह विधेयक इस मतपत्र पर किसी दूसरे प्रस्ताव द्वारा कैसे प्रभावित हो सकता है।

#### "हाँ" और "नहीं" मत का क्या अर्थ है

***"हाँ" मत SB 270 का समर्थन करता है।*** कुछ खास स्टोरों को एक-बार इस्तेमाल किए जाने वाले प्लास्टिक बैग देने से मना किया जाएगा तथा उनसे आमतौर पर अपेक्षित होगा कि वे अन्य कैरीआउट बैगों के लिए कम-से-कम10 सेंट का शुल्क लें। ये अपेक्षाएं केवल उन नगरों और काउंटियों पर लागू होंगी जहाँ 2014 की शरद ऋतु तक पहले से उनके अपने एक-बार इस्तेमाल किए जाने वाले कैरीआउट बैग कानून नहीं थे।

***"नहीं" मत SB 270 को अस्वीकार करता है।*** कोई स्टोर एक-बार इस्तेमाल किए जाने वाले कैरीआउट बैग और अन्य बैग मुफ्त देना तब तक जारी रख सकता है जब तक कि यह ऐसे बैगों के इस्तेमाल को प्रतिबंधित करने वाले स्थानीय कानून के अंतर्गत न आता हो।

#### इस विधेयक के मुख्य प्रावधान

***एक-बार इस्तेमाल किए जाने वाले कैरीआउट बैगों की मनाही करता है।*** यह विधेयक राज्य में स्थित किराने की दुकानों, सुविधा स्टोरों, दवा की बड़ी दुकानों, तथा शराब की दुकानों द्वारा एक-बार इस्तेमाल किए जाने वाले प्लास्टिक के कैरीआउट बैग देने की मनाही करता है। यह प्रावधान कुछ खास उद्देश्यों—जैसे खुले उत्पादों के लिए बैग—के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले प्लास्टिक के बैगों पर लागू नहीं होता है।

***पुनःउपयोग वाले प्लास्टिक के कैरीआउट बैगों के लिए नए मानक बनाता है।*** यह विधेयक पुन: इस्तेमाल किए जाने वाले प्लास्टिक के कैरीआउट बैगों में रखी जाने वाली सामग्री और इनके टिकाऊपन के लिए भी नए मानक बनाता है। California Department of Resources Recovery and Recycling (CalRecycle) यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा कि बैग विनिर्माता इन अपेक्षाओं को पूरा करें। यह विधेयक अन्य किस्मों के कैरीआउट बैगों के मानकों को भी परिभाषित करता है।

***अन्य कैरीआउट बैगों के लिए शुल्क की अपेक्षा करता है।*** इस विधेयक की आमतौर पर यह अपेक्षा होती है कि चैकआउट के समय उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले किसी भी कैरीआउट बैग के

## विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

जारी

लिए कम-से-कम 10 सेंट ले। यह प्रभार कुछ खास उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले बैगों पर लागू नहीं होगा – जैसे निर्धारित दवा के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले बैग। इसके अलावा, कम आय वाले कुछ खास ग्राहकों को यह शुल्क अदा नहीं करना पड़ेगा। इस विधेयक के अंतर्गत, स्टोर बैगों की बिक्री से प्राप्त राजस्व अपने पास रखेंगे। वे इस धन का उपयोग कैरीआउट बैग उपलब्ध कराने, विधेयक का पालन करने, तथा पुन: उपयोग किए जाने वाले बैगों के इस्तेमाल को प्रोत्साहित करने की शैक्षणिक कोशिशों के खर्चों को पूरा करने के लिए कर सकते हैं।

**इस मतपत्र पर कोई अन्य प्रस्ताव इस विधेयक के लागू करने को प्रभावित कर सकता है**

इस मतपत्र में एक और विधेयक है—प्रस्ताव 65—जो मतदाताओं द्वारा मंज़ूरी दिए जाने पर कैरीआउट बैगों की बिक्री से प्राप्त राजस्व को राज्य को देने का निदेश दे सकता है। विशेष रूप से, प्रस्ताव 65 की अपेक्षा है कि कुछ खास बैगों पर प्रतिबंध लगाने तथा अन्य बैगों (SB 270 के समान) पर शुल्क लगाने वाले राज्य के कानून से एकत्रित राजस्व विभिन्न पर्यावरण सम्बन्धी कार्यक्रमों के लिए सहयोग करने हेतु राज्य की नई निधि में भेजा जाएगा।

यदि दोनों विधेयक पारित हो जाते हैं, तो कैरीआउट बैगों की बिक्री से प्राप्त राजस्व का इस्तेमाल इस बात पर निर्भर करेगा कि किस विधेयक को अधिक मत मिले हैं। चित्र 1 में दर्शाया गया है कि दोनों विधेयकों पर मतदाताओं के भिन्न निर्णयों के आधार पर SB 270 के प्रमुख प्रावधानों को अलग-अलग कैसे लागू किया जाएगा। विशेष रूप से, यदि प्रस्ताव 67 (SB 270 पर यह जनमत-संग्रह) को अधिक "हाँ" वाले मत मिलते हैं, तो राजस्व को विशेष रूप से बताए गए उद्देश्यो के लिए स्टोरों द्वारा रखा जाएगा। फिर भी, यदि प्रस्ताव 65 (पहल) को अधिक "हाँ" वाले मत मिलते हैं, तो राजस्व को पर्यावरण सम्बन्धी कार्यक्रमों के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। हम ध्यान देते हैं कि प्रस्ताव 65 में एक प्रावधान है जिसे न्यायालयों द्वारा उस स्थिति में SB 270 को लागू होने से पूरी तरह रोकने वाला समझा जा सकता है यदि दोनों विधेयक पारित हो जाएं तथा प्रस्ताव 65 को अधिक "हाँ" वाले मत मिलें। फिर भी, इस विश्लेषण में मान लिया गया है कि राजस्व से संबंध न रखने वाले SB 270 के अन्य प्रावधान—जैसे एक-बार इस्तेमाल किए जाने वाले प्लास्टिक कैरीआउट बैगों पर प्रतिबंध लगाने और अतिरिक्त बैगों के लिए प्रभार लगाने की अपेक्षा—अभी भी लागू रहेंगे।

**आकृति 1**

**जनमत-संग्रह का लागू किया जाना प्रस्ताव 65 के परिणाम द्वारा प्रभावित होगा**

| | **प्रस्ताव 67 (SB 270 जनमत-संग्रह)** पास होता है | **प्रस्ताव 67 (SB 270 जनमत-संग्रह)** असफल रहता है |
|---|---|---|
| **प्रस्ताव 65 (पहल)** पास होता है | लागू राज्य-व्यापी कैरीआउट बैग कानून। कैरीआउट बैगों की बिक्री से अर्जित राजस्वों का उपयोग इस पर निर्भर करता है कि किस प्रस्ताव को अधिक मत मिलते हैं:<br>• यदि जनमत-संग्रह के लिए अधिक **"हाँ"** वाले मत मिलते हैं, तो राजस्व स्टोरों द्वारा रखा जाएगा।<br>• यदि पहल के लिए अधिक **"हाँ"** वाले मत मिलते हैं, तो राजस्व पर्यावरण सम्बन्धी कार्यक्रमों के लिए राज्य के पास जाएगा।[a] | कोई राज्य-व्यापी कैरीआउट बैग कानून नहीं। SB 270 जैसे किसी भावी राज्य-व्यापी कानून से प्राप्त राजस्व का उपयोग पर्यावरण सम्बन्धी कार्यक्रमों के लिए किया जाएगा। |
| **प्रस्ताव 65 (पहल)** असफल रहता है | लागू राज्य-व्यापी कैरीआउट बैग कानून तथा कैरीआउट बैगों की बिक्री से अर्जित राजस्व स्टोरों द्वारा रखा जाता है। | कोई राज्य-व्यापी कैरीआउट बैग कानून नहीं। |

[a] वैकल्पिक रूप में, प्रस्ताव 65 का एक प्रावधान न्यायालयों द्वारा सीनेट बिल (SB) 270 को लागू होने से पूरी तरह रोकने वाला समझा जा सकता है।

## राजस्व सम्बन्धी प्रभाव

***राज्य और स्थानीय राजस्व सम्बन्धी मामूली प्रभाव।*** इस विधेयक का राज्य और स्थानीय सरकारों पर राजस्व सम्बन्धी अपेक्षाकृत कम प्रभाव पड़ेगा। विशेष रूप से, इस विधेयक के परिणामस्वरूप बैग विनिर्माताओं द्वारा नए पुन:उपयोग वाले प्लास्टिक के बैगों की अपेक्षाओं का पूरा किया जाना सुनिश्चित करने के लिए CalRecycle के लिए राजकीय लागतों में एक मिलियन डॉलर वार्षिक से कम की मामूली बढ़ोतरी होगी। ये खर्च इन बैगों के निर्माताओं पर लगाए गए प्रभारों से पूरे किए जाएंगे। इस विधेयक के परिणामस्वरूप राजस्व सम्बन्धी अन्य प्रभाव पड़ सकते हैं—जैसे कचरे की सफाई और बेकार सामग्री के प्रबंधन के खर्चों में कमी के कारण स्थानीय सरकारों को थोड़ी बचत।

**इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए प्राथमिक रूप से गठित समितियों की सूची के लिए *http://www.sos.ca.gov/measure-contributions* पर जाएं। समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ता देखने के लिए *http://www.fppc.ca.gov/transparency/top-contributors/nov-16-gen-v2.html* पर जाएं।**